याद तेरी सताये श्याम हर पल याद तू आये श्याम

याद तेरी सताये श्याम हर पल याद तू आये श्याम,
राह निहारे मेरे नैना दर्श दिखा दे मेरे श्याम,
याद तेरी सताये श्याम हर पल याद तू आये श्याम,

आँख से आंसू मेरे बहते क्यों है,
तेरे होते हम रोते क्यों है इतना दर्द है तेरी यारी में,
फिर भी तुझसे दिल लगाते क्यों है,
कोई मुझे समजाये श्याम,दर्द क्यों तेरा भाये श्याम,
याद तेरी सताये श्याम हर पल याद तू आये श्याम,

इतना सताना श्याम ठीक नहीं है,
इतना रुलाना श्याम ठीक नहीं है,
मेरे रोने पर हसे गई ये दुनिया दुनिया का मुझपे हसना ठीक नहीं है,
तेरे भरोसे रही आया श्याम दर्द न देना ज्योति को श्याम,
याद तेरी सताये श्याम हर पल याद तू आये श्याम,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11192/title/yaad-teri-sataaye-shyam-har-pal-yaad-tu-aaye-shayam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |